**Title: Reg: Need to frame a policy to promote agriculture export and attract industrial investment in Bundelkhand region.**

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर) :** विगत कुछ वर्षों से बुंदेलखंड में अवसंरचना विकास , भूजल और सतही जल के प्रबंधन सहित समग्र विकास के कार्य केंद्र और उत्तरप्रदेश की सरकार के द्वारा किए जा रहे हैं। जिसके अंतर्गत बुंदेलखंड डिफेंस कोरिडोर ,केन-बेतवा रिवर लिंकिंग प्रोजेक्ट,पाइप द्वारा हर घर जल ,अटल भूजल योजना पर कार्य चल रहा है और राज्य सरकार की योजनाओं यथा-बुंदेलखंड एक्प्रेसवे सहित अन्य बांध परियोजनाओं को राज्य सरकार द्वारा पूर्ण भी कर लिया गया है जिसके सकारात्मक परिणाम भी दिखने लगे हैं। बांध परियोजनाओं से पानी उपलब्ध होने से उन क्षेत्रों के किसानों की आय में भी वृद्धि हुई है।

बुंदेलखंड में विकास कार्यों की तेज गति और इस क्षेत्र की भावी विकास संभावनाओं को देखते हुए बुंदेलखंड में कृषि निर्यात को बढ़ाने और उद्योगों को निवेश करने हेतु आकर्षित करने हेतु विशेष नीतिगत प्रयासों की पहल की आवश्यकता है |

संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में प्राकृतिक खेती द्वारा खाद्य उत्पादन करने और उनके निर्यात करके रोजगार सृजन करने की अपार संभावनाएं है जिससे न सिर्फ किसानों को लाभ होगा अपितु विदेशी मुद्रा का अर्जन भी हो सकेगा |

इसके साथ बुंदेलखंड में उद्योगों द्वारा पूंजी निवेश को भी प्रोत्साहित किया जा सकता है | बुंदेलखंड में सस्ती भूमि और श्रम दोनों उपलब्ध है तथा डिफेन्स कोरिडोर बनने से रक्षा उद्योग सहित अन्य उद्योगों के फलने-फूलने की अपार संभावनाएं हैं। इस निवेश से रोजगार के अवसरों में तेजी से वृद्धि हो सकेगी और बुंदेलखंड से रोजगार हेतु पलायन पर भी अंकुश लग सकेगा। वर्तमान में, उत्तरप्रदेश सरकार ने बुंदेलखंड में निवेश को आकर्षित करने की पहल भी की है और केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से बुंदेलखंड में उद्योगों को निवेश हेतु और अधिक राहत उपाय करने से बुंदेलखंड में निवेश को तेज वृद्धि हो सकेगी ।

अत: सरकार से यह मांग है कि लगातार हो रहे विकास कार्यों के कारण बदलते बुंदेलखंड में कृषि निर्यात को बढ़ाने और उद्योगों द्वारा निवेश को और अधिक आकर्षित करने हेतु राज्य और केंद्र सरकारों द्वारा विशेष नीतिगत पहल की जाए ।